## संक्षिप्त

### भजन संध्या का आयोजन

**निवाई।** खलीलाबाद मौजा गांव में स्थित माताजी के मंदिर में भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें देर रात तक श्रोताओं ने भजन गंगा का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच गिर्राज बुरी ने माता के मन्दिर में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गायक हेमराज चौधरी ने रुस्तमगंज ने गाइए गणपति जग बन्दन भजन से गणेश वन्दना के बाद जगदम्बा म्हारो हेलो सुन लीज्यो री म्हारी चौथ मात बरवाडा की नैया पार लगा दे म्हारा अटक्या गाडा की प्रस्तुति देकर वहा उपस्थित महिलाओं को नाचने पर विवश कर दिया। गायक रामप्रशाद जाट ने म्हारी माताजी न सोहे गुलाब गजरी की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मन्त्र मुगंध कर दिया। गायक रामकल्याण बाज्या ने मीठे रस रे बरोरी राधा रानी रानी लागे की प्रस्तुति दी।

### बाल श्रम विरोध दिवस मनाया

**निवाई।** अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के तत्वावधान में ग्राम हिंगोटिया नंद घर पर विश्व बाल श्रमिक विरोध दिवस मनाया गया। इसमें बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से समुदाय में बाल श्रम को रोकने का संदेश दिया साथ ही बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना चाहिए और बच्चों के साथ कम उम्र में उनका शोषण नहीं करना चाहिए। इस दौरान नंद घर के सभी बच्चों ने पोस्टर तैयार कर समुदाय में एक नई दिशा दी। समुदाय के लोगों को बालकों पर हो रहे शोषण को बंद करवाने के लिए शपथ दिलवाई गई। इस दौरान सरपंच सीमा बैरवा, लेडी सुपरवाइजर नायद खान, ममता सुपरवाइजर शिप्रा शर्मा, कार्यकर्ता, सहयोगिनी सहायिका सहित समुदाय के कई लोग मोजूद थे।

### नायब तहसीलदार ने की जांच

**निवाई।** नगरपालिका के विरूद्ध जिला कलेक्टर कार्यालय टोंक से मिल रही लगातार शिकायतों के संबंध में संज्ञान लेते हुए उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह ने शिकायतों की जांच हेतु तहसीलदार अजीतकुमार बुन्देला की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह की अगुवाई में टीम ने नगरपालिका निवाई में शिकायतों से जुडी फाइलों को जब्त किया। कुछ फाइले नहीं मिलने पर मंगलवार तक उन्हें जमा कराने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह ने बताया कि शिकायती प्रकरणों की जांच कर शीघ्र ही रिपोर्ट जिला कलेक्टर टोंक को प्रेषित की जायेगी।

### बैरवा समाज की बैठक आज

**निवाई।** नला रोड पर स्थित बैरवा समाज छात्रावास में जिला बैरवा महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित होगी जिसमें समाज विकास व आय-व्यय सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। रामप्रसाद बैरवा ने बताया कि महासभा के जिला अध्यक्ष जगदीश बैरवा की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित होगी। जिस पर कई मुददों पर चर्चा की जाएगी।

## सत्ता के मद में चूर होकर लाइट कटवाने जैसी गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं: रामलाल शर्मा

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं.)।** सत्ता के मद में चूर होकर लाइट कटवाने जैसी गुस्ताखी बर्दाश्त करने योग्य नहीं है, यह बात चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने मेरा बूथ मेरा सम्मान कार्यक्रम में ग्राम भोजलावा के बूथ संख्या 165 पर आयोजित कार्यक्रम में कही।

मेरा बूथ मेरा कार्यक्रम में पहुँचे विधायक रामलाल शर्मा का

- **मेरा बूथ मेरा सम्मान कार्यक्रम के तहत मोरीजा के बूथ 165 पर विधायक शर्मा ने किया कार्यकर्ताओं का सम्मान**

ग्रामवासियों ने माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित बूथ कार्यकर्ताओं को विधायक शर्मा ने पार्टी का दुपट्टा ओढाकर स्वागत किया। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में असामाजिक तत्वों द्वारा सत्ता के मद में चूर होकर लाइट काटने की जो घिनौनी हरकत की है, वो इनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है, उन्होंने कहा कि यदि सत्ता का मद दिखाना ही है तो बिजली के बिलों में सरचार्ज के रूप में वसूली जारी फ़्यूल चार्ज राशि को कम करने में दिखाते तो मेरे ख़्याल से आम जनता को राहत मिल सकती थी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं के हौसले की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपका बहुत आभार। इस दौरान भाजपा देहात मंडल बाँसा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, रुडमल सेनी, पप्पू सेनी मिस्त्री, श्रवण मुनीम, दयाल सैनी, भूरामल पवार, तेजपाल पवार, नाथूराम पवार, घासीराम सेनी, बाबूलाल बगड़ी, कैलाश पवार, लादुराम पवार, रामू टोडावता, फ़ेलूराम साँखला, रामेश्वर पवार, छितर मल पवार, लादुराम सेनी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।



मेरा बूथ मेरा कार्यक्रम में पहुंचे विधायक रामलाल शर्मा का ग्रामवासियों ने माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया।

### प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**मनोहरपुर, (निसं.)।** 10 वी,12 वी,बोर्ड में 85 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र छात्राओं का होगा प्रतिभा सम्मान समारोह। शाहपुरा शहर के गौड़ विप्र सेवा मण्डल की बैठक मण्डल अध्यक्ष नवल मिश्रा की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय गोपाल जी मंदिर मैन बाजार में रविवार रात्रि को 8 बजे से बैठक आयोजित हुई।

बैठक में महामंत्री पुष्कर राज शर्मा ने बताया कि आगामी माह में नगरपालिका शाहपुरा परीक्षेत्र में 10 वी 12वी बोर्ड में उच्च अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा साथ ही आगामी बैठक दिनांक 25/6/2023 को आयोजित होगी जिसमें पुर्ण रूपरेखा,एंव कार्यक्रम की दिनांक एंव आयोजन समिति बनाकर कार्यक्रम को मूर्त रूप दिया जाएगा और कार्यक्रम स्थल का चयन भी होगा। बैठक में 7 सदस्यों की समिति बनाकर जिन छात्र छात्राओ की 85 प्रतिशत हैं उनका रिकॉर्ड इकट्ठा करने का कार्य करेगी जिसमे ओमप्रकाश मिश्रा, बनवारीलाल गंगावत, ललित किशोर शर्मा, नरेन्द्र त्रिवेदी, विवेक शर्मा, कृष्णावतार तिवाडी, पुष्कर राज शर्मा,को बनाया गया । बैठक में मण्डल उपाध्यक्ष वैध ओमप्रकाश भारद्वाज, कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, वार्ड पार्षद नरेश शर्मा एडवोकेट,जवाहर तिवारी, ललित किशोर शर्मा, राजेन्द्र मिश्रा,युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी,विवेक शर्मा,नन्दकिशोर शर्मा, महेश पुजारी भवानी शंकर शर्मा, ओमप्रकाश मिश्रा आदि समाज बन्धु उपस्थित रहे।

### सवाईगंज ने जीता मैच

**निवाई, (निसं.)।** श्री देव बांदरा क्रिकेट क्लब खेडीमानपुर में प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह पूर्वक हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच सांवरमल मीणा द्वारा फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के कप्तान रवि मीणा व नंदकिशोर बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कालूराम मास्टर ने की एवं विशिष्ट अतिथि दिलखुश मीणा, जगराम मीणा, मेंबर गोपाल बैरवा, हंसराज मीणा रहे।

मुख्य अतिथि सरपंच सांवरमल मीणा ने कहा खेल को भाईचारा से खेले। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। हारने वाली टीम को निराश नहीं होना चाहिए बल्कि कडी मेहनत से आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी करनी चाहिए। कोच रामअवतार मीणा ने बताया कि उद्घाटन मैच नला व सवाईगंज के बीच खेला गया जिसमें सवाईगंज की टीम विजेता रही।

## शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

### अनिल सोनी 6 अंको के साथ जिला चैंपियन बने

**श्रीमाधोपुर, (निसं.)।** सीकर जिला शतरंज संघ द्वारा पटवारी धर्मशाला में आयोजित तीन दिवसीय जिला सीनियर शतरंज प्रतियोगिता में श्रीमाधोपुर के अनिल सोनी जिला चैंपियन घोषित किए गए हैं। शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष दीपक राव के अनुसार पुरस्कार वितरण समारोह नगरपालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत के मुख्य आतिथ्य, बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश सिंह शेखावत की अध्यक्षता व अर्जुन पुरस्कार सुरेश मिश्र , अर्जुन लाल जाट , शतरंज के उपाध्यक्ष मान सिंह सोनी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। संघ के सचिव एडवोकेट गिरिराज शर्मा भी मंचस्थ थे।

प्रतियोगिता की निर्णायक दीपक राव के अनुसार अनिल सोनी 6 अंको के साथ जिला चैंपियन बने, उन्हें पंडित जयनारायण शर्मा स्मृति कप व 51सौ रुपए नगद पुरस्कार दिया गया। लक्ष्मणगढ़ के अमित शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे उन्हें श्रीमती सुशीला देवी महंत स्मृति कप व 31 सौ रुपए नगद व तृतीय स्थान पर रहे।शुभम सैनी को 21 सौ रूपये, चतुर्थ स्थान पर संजय कदम को 11 सौ रूपये नगद व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में सीकर के कृपाशंकर शर्मा को बेस्ट वरिष्ठ खिलाड़ी के लिए पांच सौ रूपये नगद देकर पुरस्कृत किया गया,सीनियर महिला वर्ग में सीकर की बीना शर्मा को पांच सौ रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में अंडर-19 में दीपक वर्मा विजेता रहे। अंडर-17 में मेघव प्रथम, दिव्यांशु अठावाल द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर 15 में लक्ष्मणगढ़ के चिराग सुरेखा प्रथम, मयंक सैनी द्वितीय स्थान पर तथा अंडर 13 में सीकर के दक्ष शर्मा प्रथम, दादिया रामपुरा के नवीन बाजिया द्वितीय स्थान पर, बालिका वर्ग में अंडर 15 में श्रवास्ती शर्मा प्रथम व अंडर 13 वर्ग में रींगस की अक्षिता शर्मा प्रथम रही ।

प्रतियोगिता में गोपाल सिंह खंडेला की स्मृति में 11सौ रुपए नगद व स्मृति चिन्ह उदयीमान खिलाड़ी का पुरस्कार नवीन बाजिया को दिया गया व बेस्ट इमर्जिंग खिलाड़ी मेघव को पांच सौ रुपए व प्रतीक चिन्ह चैसलर चैस क्लब जयपुर द्वारा प्रदान किया गया । इस अवसर पर एडवोकेट तेज सिंह शेखावत, एडवोकेट दिनेश शर्मा ,एडवोकेट अनिल महर्षि, हेमंत सोनी, एडवोकेट तरुण शर्मा, कैलाश कारिया आदि उपस्थित रहे।

### क्षेत्रवासी को टिकट देने की मांग उठी

**अलवर, (निसं.)।** अलवर ग्रामीण विधान सभा में इस बार ग्रामीणों ने कांठोस व भाजपा से मांग की है कि वे इस बार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रा के उम्मीदवार को ही टिकट दे बाहरी या पैराशूटी उम्मीदवार को यहां के मतदाता स्वीकार नही करेंगे।

सवाददाता ने अलवर जिले की अलवर ग्रामीण सीट का दौरा कर वहां के मतदाताओं से आने वाले चुनावों का गणित जानने का प्रयास किया क्योंकि अलवर ग्रामीण सीट सीट पर सभी की निगाह है क्योंकि इस सीट पर विधायक मौजूदा केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली जूली है जो मुख्यमंत्री के खास मंत्रियों में से एक बताए जाते है । इसी सीट पर राजनीति की जानकारी लेने और मतदाताओ का रूझान जानने के लिए जब यहा के मतदाता एवं समाज में उच्च छवि रखने वाले मालाखेडा के जाटव-बैरवा समाज के अध्यक्ष प्रभुदयाज बैरवा, सुन्दर सरपंच, रमेश चौधरी, झारिया जी, धारा सिंह यादव, राजू चौधरी, सुरेश यादव, बलदेव बैरवा, सरेश शर्मा, साहुन खान, रूजदार खान, चिरंजी लाल सैन, सुरेश जागिड,धर्म सिंह राजपूत, सुभाष शर्मा, छोटे लाल जाटव आदि क्षेत्रा के लोगों से चुनावी चर्चा हुई ।

उन्होंने कहा कि इस बार हमने भाजपा और कांठोस दोनों ही पार्टी से मांग की है कि टिकट क्षेत्रवासी को ही दिया जाए जिसका आधार कार्ड क्षेत्र का हो वही इस बार हमारा उम्मीदवार होगा उन्होंने भाजपा से मांग की है कि वे इस बार अपना टिकट मूलचंद डीगवाल को ही दे क्योंकि मूलचंद डीगवाल क्षेत्रवासी के अलावा कर्मठ कार्यकर्ता एवं जुझारू नेता है जब उनसे कांठोस के उम्मीदवार के बारे मे पूछा तो उन्होंने बताया कि कांग्रेस तो टीकाराम जूली को ही टिकट देगी जो क्षेत्र के निवासी नही है ।

## ब्राह्मण समाज अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न

**कोटपूतली।** स्थानीय भगवान श्री परशुराम मंदिर में तहसील ब्राह्मण सभा (ब्राह्मण समाज) के अध्यक्ष पद पर चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें मतदान के पश्चात देर शाम को हुई मतगणना के बाद नवरतन शर्मा मलपुरा को अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया।

नवरतन शर्मा को 1652 तथा रमाकान्त शर्मा को 1535 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार नवरतन शर्मा को 117 मतों से विजयी घोषित किया गया। जबकि 55 मत निरस्त हुए। चुनाव में कुल 5737 मतों में से 3242 मतदाताओं ने मतदान किया। भगवान परशुराम मंदिर में चार बूथ सहित सरूण्ड, नारेहड़ा, बनेठी, रायकरणपुरा, पनियाला कुल 09 बूथों पर मतदान हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी हरिशंकर शर्मा ने मतगणना सम्पन्न होने के पश्चात नवरतन शर्मा को तहसील ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पद की शपथ दिलवाई तथा चुनाव अधिकारियों के दल ने निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। 09 बूथों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचन अधिकारियों सहित 70 सदस्यीय दल ने चुनाव सम्पन्न करवाया। निर्वाचन मण्डल में हरिशंकर शर्मा सहित सुभाष शर्मा, बृजभूषण कौशिक, श्यामसुन्दर पालीवाल, अनिल शर्मा, एड. शिवकुमार, शिवकुमार शर्मा, शिवप्रकाश शर्मा, सुन्दरलाल शर्मा, बद्रीप्रसाद शर्मा, सत्यनारायण भोमिया, एड. पीके जोशी, मनोज शर्मा समेत सभी सदस्यों नेचुनाव को विधिवत निर्विवाद सम्पन्न करवाया।

मतगणना के दौरान दोनों ही पक्षों के समर्थकों ने मन्दिर के बाहर जमकर नारेबाजी की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवरतन शर्मा ने आगामी तीन वर्ष में पूर्ण निष्ठा के साथ समाज को आगे बढ़ाने व सामाजिक गतिविधियों को गति देने का संकल्प दोहराया। इस दौरान नगर अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा, पं. किशोरी लाल शर्मा, पं. सूर्यकान्त, जर्नादन पटवारी, रामौतार, विरेन्द्र, ओमप्रकाश सारस्वत, देवकिशन शर्मा, मिथलेश शर्मा, वैद्य नागेन्द्र शर्मा, नन्दलाल जोशी, रामगोपाल शर्मा, रमाकान्त शर्मा, सत्यनारायण जोशी, कुलदीप जोशी, गोपाल शर्मा, मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, अरूण शर्मा, सोहनलाल शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, सुशील शर्मा, टिंकू पहलवान, रमाकान्त शर्मा, मूलचन्द, मनोज, आनन्द पत्रकार, पंकज शर्मा, रविराय, कपिल, विक्रान्त, अविनाश, कुलदीप, सत्यनारायण, बाबूलाल, अनूप शर्मा, पंकज, बजरंग शर्मा, रामबाबू, पवन, कमलेश, अनिल, मुकेश, नरेश, संजय, सुरेश, महेश, पूरण, आशीष, धंशीराम, सचिन, संजय, अरूण, सुभाष, देशराज, कुंज बिहारी समेत बडी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

### राहत कैम्प में दी सुविधाएं

**निवाई, (निसं.)।** राज्य सरकार द्वारा सोमवार को महंगाई राहत कैंप का ग्राम पंचायत वनस्थली परिसर में आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सरपंच लक्ष्मणसिंह, उपखण्ड अधिकारी रविकांतसिंह एवं उप सरपंच रविकांत पुरोहित द्वारा किया गया।

उपखण्ड अधिकारी रविकांतसिंह ने कहा कि सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं में मुख्यमंत्री कैलेंडर गारंटी कार्ड योजना, मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना घरेलू उपभोक्ता हेतु सौ यूनिट प्रतिमाह, मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना कृषि उपभोक्ताओं हेतु दो हजार यूनिट प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना न्यूनतम 1000 प्रतिमाह, पालनहार योजना की बढ़ी हुई प्रतिमाह राशि 750 एवं पंद्रह सौ प्रति माह, मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की बढ़ी हुई बीमा राशि 25 लाख रुपए, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना की बढ़ी हुई बीमा राशि 10 लाख रुपए सहित कई योजनाओ का फायदा मिल रहा है।

नायाब तहसीलदार कुलदीप सिंह ने बताया कि शिविर में मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, इन्दिरा गांधी गैस योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क घरेलु बिजली योजना तथा कृषि योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, कामधेनु तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी व दुर्घटना बीमा योजना मे ग्रामीणों के रजिस्ट्रेशन किए गए है।

## राहत कैंप जैसे कदम से आमजन को राहत मिल रही है: जूली

### 'दस योजनाओं के माध्यम से लोगों को राहत दी जा रही है'

**अलवर, (निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि आमजन को वर्तमान महंगाई के दौर में राहत देने के उद्देश्य से राजस्थान प्रदेश में महंगाई राहत कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें दस योजनाओं के माध्यम से लोगों को राहत दी जा रही है।

मंत्री जूली सोमवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव जाजोर में लगाए गए महंगाई राहत कैम्प व प्रशासन गांवों के संग अभियान के अवलोकन के दौरान उपस्थित ग्र ामीणों एवं लाभार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना के तहत जिले में लगने वाले महंगाई राहत कैम्प एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान की पूर्व संध्या पर सद्भावना सांस्कृतिक संध्या का आयोजन कराया जा रहा है जिससे ना केवल लोक कलाकारों को रोजगार मिल सकेगा बल्कि उनको आर्थिक संबल भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सीएम अशोक गहलोत द्वारा उठाए गए कैंप जैसे कदम से आमजन को राहत मिल रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 30 जून तक आयोजित होने वाले इन महंगाई राहत कैम्प में आमजन को जागरूक कर प्रमुख दस योजनाओं में रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं का लाभ दिलवाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति दस योजनाओं का लाभ लेने हेतु किसी भी महंगाई राहत कैम्प में कहीं भी रजिस्ट्रेशन करा सकता है। उन्होंने कहा कि बचत, राहत, बढत व सुशासन को साकार करते हुए राज्य सरकार द्वारा यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनता की जनता को महंगाई से राहत प्रदान करने हेतु राज्य सरकार का एक सकारात्मक प्रयोग है जो देश में पहली बार सीएम गहलोत ने किया है। उन्होंने महंगाई राहत कैम्प के लाभार्थियों को गारंटी कार्ड भी वितरित किए।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राहत कैम्पों का निरीक्षण किया।

### हवन कुण्ड में दी आहुतियां

**निवाई।** ग्राम पंचायत जोधपुरिया के गांव जगतपुरा में सोमवार को अद्वेत आश्रम हरभांवता के संत बालकानन्द गिरी महाराज व जगतपुरा आश्रम के संत व यज्ञ समिति के अध्यक्ष संत शिवपालनन्द गिरी महाराज के सानिध्य आयोजित नव दिवसीय एकादशीय 11 कुण्डात्मक श्री रूद्रचण्डी महायज्ञ में कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। नव दिवसीय एकादशी रूद्रचण्डी महायज्ञ में यज्ञाचार्य पं. पूरणमल शास्त्री, ब्रह्मा रमेश शास्त्री, उपाचार्य पं. कमलेश शर्मा व पं. गणपत शास्त्री अलियाबाद सहित कई विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना करके मंत्रोच्चार के साथ हवन कुण्ड में आहुतियां दी।

मंत्रोचारण से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। सोमवार को महायज्ञ में नव देवता पूजन, मण्डप पूजन, ब्राह्मण वरण सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। श्रद्धालु मनफूल गुर्जर ने बताया कि महायज्ञ को लेकर प्रतिदिन महा भण्डारे का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें सैंकडों श्रद्धालु पंगत प्रसादी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भण्डारे में युवाओं ने उत्साह पूर्वक जीमण कार्य की संपूर्ण व्यवस्थाएं संभाल रखी है। समिति के महामंत्री नटवरसिंह ने बताया कि 15 जून को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी एवं विशाल महाभण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

## सार-समाचार

### ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त



**निवाई।** काबरी वन क्षेत्र से पुलिस जाप्ते के साथ वन विभाग की टीम ने अवैध चेजा पत्थर से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया है। निवाई रेंजर गौरव राठी ने बताया कि रविवार की रात्रि में रक्तांचल पर्वत वन क्षेत्र में पुलिस के साथ वन विभाग की टीम ने काबरी वन क्षेत्र में पहुंची। जहां अवैध चेजा पत्थर भरकर आ रहे 2 ट्रैक्टर दिखाई दिये। सरकारी वाहनों को देखकर एक चालक ट्रैक्टर-ट्रोली को खाली करके ट्रैक्टर-ट्रोली को भगा ले गया तथा दूसरा चालक पत्थरों से भरें ट्रैक्टर छोडकर भाग गया। ट्रैक्टर-ट्रोली को जब्त करके संजय वन में खडा करवाया दिया है। उन्होंने बताया कि वन अधिनियम तथा वन क्षेत्र में अवैध खनन करने के मामले में ट्रैक्टर चालकों के विरुद्ध थाने में मामला दर्ज करवाया जाएगा।

### 'गरीब की दुआ अमृत समान है'

**अलवर।** खैरथल के नगर पालिका पार्षद उदय यादव ने बताया कि समाजसेवी राम यादव के जन्मदिन के उपलक्ष में कस्बे के इस्माइलपुर रोड स्थित इंदिरा रसोई योजना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की महत्वकांक्षी योजना है कोई भूखा ना सोए इस संकल्प के साथ प्रदेश के अंदर यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है और समाजसेवी राम यादव के जन्मदिन पर रेडकैप ट्रस्ट के द्वारा संचालित इंदिरा रसोई में 101 जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन कराया गया लाभार्थियों के द्वारा दी जाने वाली टोकन की राशि रसोई संचालिका रेड कैप ट्रस्ट की अंजू आचार्य को अदा की गई जन्मदिन को यादगार मनाते हुए केक काटा गया लड्डू खिलाएं पेटीज ठंडी शरबत भी पिलाई गई इस मौके पर मौजूद रहे खैरथल नगर पालिका के वरिष्ठ पार्षद नारायण दास छंगानी सहित उसी वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि भारत और अन्य पार्षद गण मनोज बुराडिया राहुल रसगोन विशंभर अनिल राजपूत विजय छंगानी रसोई के मैनेजर गुलशन रसोई संचालिका अंजू आचार्य श्रीमती विद्या सेन मनीष शर्मा बल्लू शर्मा सहित अन्य व्यक्ति मौजूद रहे राम यादव ने कहा कि रसोई में जरूरतमंदों को भोजन करा कर एक आत्मिक शांति का अहसास हुआ और हमारे परिवार के संस्कार है कि जीवन में कभी भी किसी की बद्दुआ नहीं लेनी है दुआओं मैं बड़ी शक्ति होती है गरीबों की दुआओं से साक्षात महादेव प्रसन्न होते हैं।

### नेत्र चिकित्सा शिविर 12 को

**श्रीमाधोपुर।** आई रिसर्च सेंटर सोसायटी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति अंधता जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की और से 12 जून सोमवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजीत नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवम लैंस प्रत्यारोपण शिविर में जहां 170 नेत्र रोगियों की जांच की गई वहीं उनमें से 16 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी ने बताया कि शिविर में दुर्गा प्रसाद गोयल,ललिता गोयल उंझा गुजरात का विशेष सहयोग रहा।शिविर में सीताराम सैनी, लायन सागरमल हलवाई, रेवत सिंह शेखावत, बजरंग लाल कुमावत, राजेंद्र प्रसाद जांगिड़,ललित कुमार सैनी, राजूबागवान, रामावतार वर्माआदि ने अपनी निस्वार्थ सेवाए प्रदान करते हुए शिविर को सफलतम बनाया।

### निशुल्क पुस्तकें बांटी

**निवाई।** सेवा ही संगठन द्वारा तीसरा बैरवा साक्षर अभियान दिल्ली के अंबेडकर सभागार पंचकुइयां रोड आयोजित हुआ जिसमें अखिल भारतीय बैरवा महासभा पंजीकृत राष्ट्रीय संगठन संगठन मंत्री महेश बैरवा पराना को अतिथि के रूप में शामिल किया। साक्षर अभियान में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को 9 वी से 12 वी तक की पुस्तकें निशुल्क वितरित की गई। मंत्री महेश बैरवा पराना ने कहा की सेवा ही संगठन एक ऐसी सामाजिक संगठन संस्था है जो समय-समय पर एजुकेशन व नशाबंदी और प्रतिभा सम्मान समारोह सहित कोचिंग की व्यवस्था बिल्कुल मुक्त करती जिससे समाज के गरीब बच्चों का भविष्य बनाने का काम करती है।

### 'कथा सुनने से मन को मिलती शांति'

**निवाई।** गांव जगतपुरा में संत बालकानन्द गिरी महाराज व जगतपुरा आश्रम के संत व यज्ञ समिति के अध्यक्ष संत शिवपालनन्द गिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित नव दिवसीय एकादशीय 11 कुण्डात्मक श्री रूद्रचण्डी महायज्ञ में श्रीमद भागवत ज्ञान कथा में राष्ट्रीय प्रवक्ता कथावाचक भागवताचार्य योगाचार्य बाल विदुषी अनमोलश्री ने कथा के पांचवे दिन ब्रज लीला भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का विवरण किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पचकोडिया पं.स. किशनगढ़ रेनवाल (जयपुर)**

क्रमांक-ग्रा.पं. पचकोडिया/निविदा/2023-24/90 दिनांक-12.06.2023

**ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 01/2023-24**

ग्राम पंचायत पचकोडिया, पंचायत समिति किशनगढ रेनवाल में वित्तीय वर्ष 2023-24 में DMFT योजना से स्वीकृत कार्य/संकर्म राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 (2) के अनुसार करवाने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में पंचायत समिति किशनगढ रेनवाल ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

UBN- ZJP2324WSOB00722, NIB-ZJP2324A0393

सरपंच, ग्रा.प. पचकोडिया, पंचायत समिति किशनगढ रेनवाल — ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा.प. पचकोडिया, पंचायत समिति किशनगढ रेनवाल

**कार्यालय ग्राम पंचायत बासडी खुर्द पं.स. किशनगढ़ रेनवाल (जयपुर)**

क्रमांक-ग्रा.पं. बासडी खुर्द/निविदा/2023/67 दिनांक-12.06.2023

**ऑन लाईन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बासडी खुर्द, पंचायत समिति किशनगढ रेनवाल में महानरेगा योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण कार्यों की सामग्री आपूर्ती हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तो के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 13.06.2023 से 22.06.2023 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना का विवरण, दिनांक एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download की जा सकती है।

UBN- ZJP2324GLOB00724, NIB-ZJP2324A0395

सरपंच, ग्रा.प. बासडी खुर्द — ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा.प. बासडी खुर्द

**कार्यालय ग्राम पंचायत रलावता पं.स. किशनगढ़ रेनवाल (जयपुर)**

क्रमांक-ग्रा.पं. रलावता/निविदा/2023/35 दिनांक-05.06.2023

**ऑन लाईन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रलावता, पंचायत समिति किशनगढ रेनवाल में महानरेगा योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण कार्यों की सामग्री आपूर्ती हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तो के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 13.06.2023 से 22.06.2023 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना का विवरण, दिनांक एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download की जा सकती है।

UBN- ZJP2324GLOB00723, NIB-ZJP2324A0394

सरपंच, ग्रा.प. रलावता — ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा.प. रलावता

**कार्यालय ग्राम पंचायत वाटिका, प.स. सांगानेर (जयपुर)**

क्रमांक- दिनांक-

**ई-निविदा सूचना संख्या 01-02/2023-24**

ग्राम पंचायत वाटिका में ग्रामीण विकास व पंचायती राज तथा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत, इच्छुक वाणिज्य कर विभाग में जी एस टी पंजीकृत फर्मों/संवेदकों से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं हैण्डपम्प/सिंगल पोईंट निर्माण का दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| सामग्री आपूर्ति | NIB No. PEZ2324A0033 | UBN No. PEZ2324GLOB00040 |
| हैण्डपम्प/सिंगल पाइन्ट | NIB No. PEZ2324A0034 | UBN No. PEZ2324GLOB00041 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत वाटिका — सरपंच, ग्राम पंचायत वाटिका